तृप्ति पी. घोष
TRIPTI P. GHOSH
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
मिनिरत्न श्रेणी–I, सीपीएसई
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Security Printing and Minting Corporation of India Ltd.
Miniratna Category-I, CPSE
(Wholly owned by Government of India)

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार एसपीएमसीआईएल में देश की आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित 'स्वतंत्र भारत @ 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता' विषय के साथ दिनांक 26.10.2021 से 01.11.2021 तक सतर्कता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

कोरोना काल मे आपदा को अवसर मे बदलने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश-वासियों से आह्वान किया है। संकट की इस घड़ी मे सभी को आत्मनिर्भर बन राष्ट्र की सेवा और तरक्की में हर किसी को योगदान देने की अपील की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है भारत के संसाधनों से बनी वस्तुओं को भारत मे ही उपयोग में लाना है। भारत प्राचीन काल से ही संसाधनों का देश रहा है। आजादी के बाद भारत की गरीबी और दूर्भिक्ष को देखते हुए महात्मा गांधी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था।

'स्वतंत्र भारत @ 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता' उद्देश्य की पूर्ति के लिए एसपीएमसीआईएल में उत्पादन गतिविधियों में स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए वरिष्ठतम स्तर पर नई प्रकियाओं, पहलों तथा प्रयासों को प्रमुखता देकर आदर्श स्थापित किए जाएं तथा कार्यकलापों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण के लिए प्रयास किए जाएं।

सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता सप्ताह में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित किया गया है। मुझे आशा है कि सतर्कता विभाग इस विषय के प्रति कर्मचारियों को पूर्णत: जागरूक करने में सफल होगा। मैं सतर्कता सप्ताह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देती हूँ।

तृप्ति घोष

(तृप्ति पी. घोष)

16वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली–110001
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001
फोन. / Tel.: +91-11-23701220, 43582220, फैक्स / Fax :+91-11-43582276
ई–मेल / E-mail : cmd@spmcil.com, वैब. / Web.: www.spmcil.com
CIN : U22213DL2006GOI144763